महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय

एम. एस. जे. महाविद्यालय, भरतपुर -321001

Ph. & Fax No. 05644-220025, Email- exam@msbrijuniversity.ac.in

Website – www.msbrijuniversity.ac.in

क्रमांक :– प.8(1)मसूबृवि / परीक्षा / 2021 / 4130 दिनांक : 18/2/2021

अधिसूचना

कुलपति महोदय के आदेश दिनांक 28.01.2021 की अनुपालना में सूचित कर लेख है कि **बी.एड. भाग द्वितीय** के दिनांक 18.11.2020 से प्रारम्भ हुई परीक्षाओं में कोविड-19 की विशिष्ट परिस्थितियों के अन्तर्गत यदि कोई परीक्षार्थी परीक्षाओं में किसी भी कारण से सम्मिलित नहीं हो सका हो तो विश्वविद्यालय द्वारा उनके लिए एक विशेष परीक्षा आगामी स्नातक पूरक परीक्षा-2020 के साथ होगी।

उक्त परीक्षा के दौरान किन्हीं पेपर/सभी पेपरों में अनुपस्थित रहे परीक्षार्थी विशेष परीक्षा हेतु ऑनलाईन पंजीकरण वेबसाईट msbuexam.in के माध्यम से दिनांक 19.02.2021 से दिनांक 26.02.2021 तक निम्नलिखित ऑनलाईन प्रक्रिया के अनुसार करवा सकते हैं। **विशेष परीक्षा हेतु परीक्षार्थी को 390/- रूप्ये प्रति पेपर विशेष परीक्षा शुल्क ऑनलाईन जमा करानी होगी।**

नोट :- पूर्व में जारी विज्ञप्ति क्रमांक मसूबृवि/परीक्षा/2020/3519 दिनांक 07.11.2020 के संदर्भ में जो परीक्षार्थी विशेष परीक्षा हेतु प्रार्थना पत्र परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में प्रस्तुत कर चुके हैं, उन्हें भी पुनः ऑनलाईन पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा।

पंजीकरण हेतु निर्देश

1. सर्वप्रथम परीक्षार्थी वेबसाईट **msbuexam.in** पर विजिट कर **Special Exam.** के बटन पर क्लिक करें। पुनः जो विन्डो खुलेगी उसमें कक्षा/अनुक्रमांक/जन्म तिथि (जो मूल परीक्षा फॉर्म में भरी थी) की प्रविष्टि करनी है, तत्पश्चात् आप जिन प्रश्नपत्रों में अनुपस्थित रहे थे उनके विवरण सहित पंजीकरण फॉर्म खुलेगा। इस फॉर्म में विशेष परीक्षा में सम्मिलित होने का कारण निर्धारित विन्डो में चयन करना है।
2. उपरोक्तानुसार पूर्ण भरे हुए पंजीकरण फॉर्म का प्रिन्ट परीक्षार्थी ले सकते हैं, परन्तु पंजीकरण फॉर्म की हार्डकॉपी विश्वविद्यालय /महाविद्यालय में जमा नहीं करवानी है।
3. पंजीकरण प्रारम्भ होने की तिथि - जिन कोर्सेज के सभी प्रश्नपत्रों की परीक्षायें आयोजित हो चुकी हैं, उनके पंजीकरण की प्रक्रिया चालू कर दी गई है। शेष कोर्सेज के पंजीकरण संबंधित कक्षा के अंतिम प्रश्नपत्र की परीक्षा समाप्ति के तुरन्त बाद प्रारम्भ होंगे।
4. अंतिम तिथि :- पंजीकरण प्रक्रिया दिनांक 26.02.2021 तक निरंतर जारी रहेगी।
5. जो परीक्षार्थी विशेष परीक्षा में सम्मिलित होंगे उनकी मुख्य परीक्षा-2020 की अंकतालिकायें मुद्रित नहीं होंगी। इनकी अंकतालिकायें विशेष परीक्षा के परिणाम जारी होने के बाद मुद्रित कराकर भेजी जायेंगी।
6. विशेष परीक्षा हेतु वही अनुक्रमांक आवंटित होगा जो मुख्य परीक्षा-2020 हेतु आवंटित था।

परीक्षा नियंत्रक

क्रमांक :– प.8(1)मसूबृवि / परीक्षा / 2021 / 4130 दिनांक : 18/2/21

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं अग्रिम कार्यवाही हेतु निम्न को प्रेषित है :-

1. शासन सचिव, उच्च शिक्षा, राजस्थान सरकार, जयपुर के पत्र क्रमांक प.3(7)शिक्षा-4/2014 पार्ट दिनांक 11.09.2020 के सूचनार्थ
2. निजी सचिव, कुलपति/कुलसचिव, महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय, भरतपुर
3. समस्त प्राचार्य/केन्द्राधीक्षक, सम्बद्ध महाविद्यालय, महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय, भरतपुर
4. वेबसाईट प्रभारी को प्रेषित कर लेख है कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करावें।
5. प्री एवं पोस्ट फर्म को प्रेषित कर लेख है कि उक्त सूचना को संबंधित महाविद्यालयों के पोर्टल पर अपलोड कराने का श्रम करें।

परीक्षा नियंत्रक